बिहार की अंजनी ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण

चर्चा में क्यों?

15 अप्रैल, 2023 को बिहार के जमुई की अंजनी कुमारी ने बंगलुरू में आयोजित इंडिया ग्रांड प्रीक्स-4 2023 में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

प्रमुख बिंदु

- अंजनी ने सीनियर महिला वर्ग में 47.03 मीटर दूर भाला फेंककर तमिलनाडु की हेमा-मालिनी नीलाकंडा (46.27मी.), राजस्थान की उमा चौधरी (45.73मी.) और असम की रुनजुन पेगु (43.62मी.) को हराकर सफलता हासिल की।
- इस अवसर पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरन ने बताया कि अंजनी का चयन एनआईएस पटियाला स्थित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिये किया गया है।
- अंजनी कुमारी यहाँ 1 अप्रैल से 31 जुलाई, 2023 तक एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप, एशियन गेम्स और वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के लिये तैयारी करेगी।
- उल्लेखनीय है कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा कुल चार इंडियन ग्रां प्री एथलेटिक्स इवेंट आयोजित किये गए। इसके प्रथम चरण का शुभारंभ 20 मार्च, 2023 से केरल के तिरुवनंतपुरम में हुआ था।
- इंडियन ग्रां प्री का दूसरे चरण 27 मार्च को तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया, जबकि तीसरा और चौथा चरण क्रमश: 10 अप्रैल और 15 अप्रैल को बंगलुरु, कर्नाटक में हुआ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-s-anjani-won-gold-in-javelin-throw